हिन्दुस्तान (Hindustan)

दिनाँक (Dated): 03.01.2025	पृष्ठ सं0 (Page No). 16	क्रम सं0(Serial No.) 07

दावा | केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने तनाव समेत अन्य समस्याएं दूर करने के लिए उठाए कई महत्वपूर्ण कदम

प्रयासों से खुदकुशी के मामले 40% घटे

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में खुदकुशी की घटनाओं में बीते वर्ष 40% की कमी आई है। वर्ष 2023 में जहां सीआईएसएफ के 25 कर्मियों ने खुदकुशी की थी तो वहीं, 2024 में 15 जवानों ने आत्महत्या की है। सीआईएसएफ अधिकारियों का दावा है कि उनके द्वारा किए गए उपायों की वजह से इसमें कमी आई है।

किस वर्ष कितनी मौतें

वर्ष	आत्महत्या की घटनाएं	बल की संख्या	खुदकुशी की दर प्रति लाख
2020	18	1,40,351	12.82
2021	21	1,40,937	14.90
2022	26	1,43,468	18.12
2023	25	1,47,193	16.98
2024	15	1,51,978	9.86

सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक दीपक वर्मा के अनुसार केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में सदस्यों की आत्महत्या एक गंभीर चिंता का विषय है। तनाव, लंबे समय तक परिवार से दूरी और व्यक्तिगत समस्या के अलावा कार्य से संबंधित दबाव के चलते कई बार इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए पिछले कुछ समय में सीआईएसएफ ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम नजर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि एनसीआरबी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष, 2022 में राष्ट्रीय आत्महत्या दर 12.4 प्रति लाख थी। वर्ष, 2024 में सीआईएसएफ में आत्महत्या दर घटकर 9.87 प्रति लाख रह गई है। बीत पांच वर्षों में यह पहली बार है कि सीआईएसएफ में आत्महत्या दर राष्ट्रीय दर से नीचे आ गई है।

नई तैनाती योजना से लाभ : दीपक वर्मा ने बताया कि सीआईएसएफ मुख्यालय द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि बल सदस्यों की शिकायतों में से करीब 67 फीसदी शिकायतें तैनाती के मामलों से संबंधित रहती हैं।